भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2451**

(16.03.2022 को उत्तर के लिए)

**शिकायत प्रकोष्ठ**

**2451. श्री मोहन भाई कल्याण जी कुंडारिया :**

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न मंत्रालयों से प्राप्त शिकायतों के निवारण के लिए एक शिकायत प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्राप्त और लंबित शिकायतों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उन व्यक्तियों और विभागों का ब्यौरा क्या है जिनके खिलाफ शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(घ) शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय एवं राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री का कार्यालय**

**(डॉ. जितेन्द्र सिंह)**

(क) से (ग) सरकार ने केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) नामक एक शिकायत निवारण प्लेटफार्म बनाया है जिसकी सहायता से नागरिक किसी भी केंद्रीय मंत्रालय/विभाग या राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के विभागों में अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है । सभी मंत्रालयों/विभागों/राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की इस प्रणाली तक पहुंच है और शिकायतों का निवारण सीधे उनके द्वारा ही किया जाता है । जिन मंत्रालयों/विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनकी सूची अनुबंध-। में संलग्न है । पिछले तीन वर्षों में प्राप्त और लंबित शिकायतों का विवरण अनुबंध-।। में संलग्न है ।

(घ) शिकायतों को त्वरित ढंग से देखा जाना होता है । सरकार ने हाल ही में सीपीग्राम्स में शिकायत निवारण की समय-सीमा को 60 दिन से घटाकर 45 दिन कर दिया है । कोविड-19 से जुड़े मामलों को अधिकतम 3 दिनों के भीतर निपटाने के निदेश जारी किए गए । सीपीग्राम्स का संस्करण 7.0 जो 2019 में जारी किया गया शिकायतों को बीच के स्तरों को छोड़ते हुए सीधे उस क्षेत्र से संबंधित शिकायत निवारण अधिकारी को भेजा जाना सुनिश्चित करता है । इससे शिकायत निवारण में लगने वाले समय को कम करने में मदद मिली है । शिकायतों का समयबद्ध निवारण सुनिश्चित करने के लिए आवधिक समीक्षाएं की जाती है । हालांकि, ऐसी शिकायतों, जिनका नीतिगत मामलों या मुकदमा आदि के कारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर निवारण संभव न हो, पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है । लंबित शिकायतों पर नजर रखने के लिए सीपीग्राम्स में लम्बित शिकायतों को अवधि के अनुसार प्रदर्शित करने का प्रावधान किया गया है । सरकार ने लंबित मामलों को कम करने के लिए 02-31 अक्तूबर, 2021 तक विशेष अभियान चलाया, जिसमें लगभग 3 लाख लोक शिकायतों का निपटान किया गया । लंबित मामलों की निगरानी के लिए विशेष अभियान के दौरान तैयार किए गए संस्थागत तंत्र द्वारा सेंट्रल मॉनीटरिंग डैशबोर्ड की सहायता से मासिक आधार पर लोक शिकायतों सहित अभिचिन्हित श्रेणियों में लंबित मामलों की समीक्षा किए जाने का कार्य जारी रखा गया है ।

**********

अनुबंध-I

लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2451 (16.03.2022 को उत्तर के लिए )

(ख) पिछले तीन वर्षों (2019, 2020 और 2021) के दौरान प्राप्त और लंबित शिकायतों का विवरण :-

| वर्ष | अग्रेणीत | प्राप्त | कुल प्राप्त | निपटाई गई | लंबित |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | 843697 | 1867758 | 2711455 | 1639852 | 1071603 |
| 2020 | 1071603 | 2271270 | 3342873 | 2319569 | 1023304 |
| 2021 | 1023304 | 2000590 | 3023894 | 2135923 | 887971 |

**********

**अनुबंध-II**

लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2451 (16.03.2022 को उत्तर के लिए)

(ग) मंत्रालय/विभाग-वार प्राप्त हुई और निपटाई गई शिकायतें

मंत्रालय/विभागवार रिपोर्ट

रिपोर्ट की अवधि - 01.01.2019 से 31.12.2021

| क्र.सं. | मंत्रालय/विभाग/संगठन | कुल प्राप्त |
|---|---|---|
| 1. | केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (आयकर) | 131008 |
| 2. | केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड | 47614 |
| 3. | उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग | 7200 |
| 4. | प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग - पीजी प्रभाग | 1703 |
| 5. | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग | 125213 |
| 6. | कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग | 6585 |
| 7. | पशुपालन विभाग, डेयरी | 5802 |
| 8. | परमाणु ऊर्जा विभाग | 5390 |
| 9. | जैव प्रौद्योगिकी विभाग | 1762 |
| 10. | रसायन और पेट्रोरसायन विभाग | 2221 |
| 11. | वाणिज्य विभाग | 16823 |
| 12. | उपभोक्ता मामले विभाग | 38619 |
| 13. | रक्षा विभाग | 43095 |
| 14. | रक्षा वित्त विभाग | 47594 |
| 15. | रक्षा उत्पादन विभाग | 8105 |
| 16. | रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग | 3889 |
| 17. | आर्थिक कार्य विभाग एसीसी प्रभाग | 13888 |
| 18. | दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग | 8875 |
| 19. | भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग | 24564 |
| 20. | व्यय विभाग | 17118 |
| 21. | उर्वरक विभाग | 2780 |
| 22. | वित्तीय सेवा विभाग (बैंकिंग प्रभाग) | 458743 |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | वित्तीय सेवा विभाग (बीमा प्रभाग) | 66392 |
| 24. | वित्तीय सेवा विभाग (पेंशन सुधार) | 8503 |
| 25. | मत्स्य पालन विभाग | 859 |
| 26. | खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग | 13935 |
| 27. | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग | 92496 |
| 28. | स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग | 9240 |
| 29. | भारी उद्योग विभाग | 4099 |
| 30. | उच्चतर शिक्षा विभाग | 71450 |
| 31. | निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग | 2462 |
| 32. | न्याय विभाग | 29472 |
| 33. | भूमि संसाधन विभाग | 2669 |
| 34. | विधि कार्य विभाग | 13719 |
| 35. | सैन्य मामलों का विभाग | 14535 |
| 36. | राजभाषा विभाग | 1147 |
| 37. | कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग | 80518 |
| 38. | औषध विभाग | 6036 |
| 39. | डाक विभाग | 159814 |
| 40. | सार्वजनिक उद्यम विभाग | 2185 |
| 41. | राजस्व विभाग | 60234 |
| 42. | ग्रामीण विकास विभाग | 18367 |
| 43. | स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग | 72501 |
| 44. | विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग | 6057 |
| 45. | वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग | 3789 |
| 46. | सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग | 19898 |
| 47. | अंतरिक्ष विभाग | 2213 |
| 48. | खेल विभाग | 3873 |
| 49. | दूरसंचार विभाग | 207992 |
| 50. | युवा कार्य विभाग | 3058 |
| 51. | विधायी विभाग | 4699 |
| 52. | कोयला मंत्रालय | 13504 |

| | | |
|---|---|---|
| 53. | आयुष मंत्रालय | 13670 |
| 54. | नागरिक उड्डयन मंत्रालय | 43389 |
| 55. | सहकारिता मंत्रालय | 2781 |
| 56. | कारपोरेट कार्य मंत्रालय | 51784 |
| 57. | संस्कृति मंत्रालय | 8613 |
| 58. | पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय | 1095 |
| 59. | पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय | 7184 |
| 60. | पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय | 1520 |
| 61. | इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय | 30081 |
| 62. | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय | 16010 |
| 63. | विदेश मंत्रालय | 56558 |
| 64. | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय | 2161 |
| 65. | गृह मंत्रालय | 116561 |
| 66. | आवास और शहरी मामले मंत्रालय | 62585 |
| 67. | सूचना और प्रसारण मंत्रालय | 26767 |
| 68. | श्रम और रोजगार मंत्रालय | 203147 |
| 69. | माइक्रो, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | 10518 |
| 70. | खान मंत्रालय | 5234 |
| 71. | अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय | 6130 |
| 72. | नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय | 2583 |
| 73. | पंचायती राज मंत्रालय | 8159 |
| 74. | संसदीय कार्य मंत्रालय | 6689 |
| 75. | पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय | 58561 |
| 76. | विद्युत मंत्रालय | 12192 |
| 77. | रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) | 151797 |
| 78. | सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय | 52610 |
| 79. | जहाजरानी मंत्रालय | 6261 |
| 80. | कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय | 6900 |
| 81. | सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय | 1904 |
| 82. | इस्पात मंत्रालय | 4854 |

| | | |
|---|---|---|
| 83. | कपड़ा मंत्रालय | 4373 |
| 84. | पर्यटन मंत्रालय | 6216 |
| 85. | जनजातीय मामले मंत्रालय | 4080 |
| 86. | जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय | 8704 |
| 87. | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय | 22970 |
| 88. | नीति आयोग | 7693 |
| 89. | भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय | 30809 |
| 90. | भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण | 27714 |

**********